हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

11 100 मीटर की रेस में पूजा और 300 मीटर में रीना...



12 निगमायुक्त ने विकास और स्वच्छता के कार्यों का...



## खबर संक्षेप

### निगम की टीम ने पकड़े 13 पशु, गो-अभ्यारण भेजे

**हिसार।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नगर निगम का बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान जारी है। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि सहायक नोडल अधिकारी सुरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में टीम ने सेक्टर 9-11, कैमरी रोड व मॉडल टाउन से 13 पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गो-अभ्यारण भेजा।

### चेक बाउंस के मामले में पीओ को किया गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस ने जिले में बेल जंपर, उद्घघोषित आरोपी पकड़ने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में पीओ पुलिस ने एक उद्घघोषित आरोपी गढ़ी निवासी रामनिवास को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ में तैनात एएसआई ने बताया कि पकड़े हगए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### घोड़ा फार्म रोड की घटना, शोर मचाने पर भागे, सीसीटीवी फुटेज से हुई आरोपियों की पहचान

# स्कूल जा रहे बच्चों को जबरन कार में बैठाने का प्रयास, थाने में 5 घंटे हंगामा

- आरोपी ने कहा- बच्चों को जानता हूं, सर्दी में लिफ्ट दे रहा था, कोई गलत मंशा नहीं थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

घोड़ा फार्म रोड पर मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब स्कूल जा रहे चार बच्चों को कार सवार एक युवक और महिला ने जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। बच्चों की सूझबूझ और समय रहते शोर मचाने से बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को भी बुलाया गया। थाने में करीब पांच घंटे तक चले हंगामे और पूछताछ के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।



हिसार। घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़। *फोटो: हरिभूमि*

घटना सोगरान ढाणी की है। यहां रहने वाली पांचवीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा ने बताया कि वह अपने बड़े भाई और पड़ोस में रहने वाले दो अन्य बच्चों के साथ मंगलवार सुबह करीब आठ बजे पैदल स्कूल जा रही थी। छात्रा थोड़ी आगे चल रही थी, जबकि बाकी तीन बच्चे कुछ कदम पीछे थे। इसी दौरान एक कार उसके पास आकर रुकी। कार में सवार युवक और महिला ने उससे पूछा कि क्या वह स्कूल जा रही है और कहा कि वे उसे स्कूल छोड़ देंगे। छात्रा ने गाड़ी में बैठने से मना कर दिया। छात्रा के अनुसार इसी दौरान पीले रंग की साड़ी पहने महिला ने उसका हाथ पकड़कर जबरन कार में डालने की कोशिश की। इस पर उसने जोर-जोर से शोर मचाया। पीछे चल रहे तीनों बच्चों ने भी शोर मचाते हुए पास की दुकान पर जाकर दुकानदार को घटना की जानकारी दी। शोर सुनते ही कार सवार युवक और महिला मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सोगरान ढाणी में रहने वाले बच्चों के परिजन और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।

कुछ ही देर में वहां भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर कार का नंबर ट्रेस कर लिया गया। पुलिस ने सत्या नगर निवासी कार चालक को फोन कर थाना बुलाया। इस दौरान बच्चों के परिजन और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। थाना में दोनों पक्षों के बयान लिए गए। कार चालक ने पुलिस के सामने कहा कि वह बच्चों को जानता है और सर्दी के कारण उन्हें स्कूल छोड़ने के लिए लिफ्ट दे रहा था। उसकी कोई गलत मंशा नहीं थी। उसने दावा किया कि बच्चों के मना करने पर वह वहां से चला गया था।

घटना को लेकर मौके पर काफी देर तक बहस होती रही। करीब पांच घंटे तक चले बवाल के बाद कार चालक ने लोगों के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

#### दूर हो गई है गलतफहमी

सिविल लाइन थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार चालक ने बच्चों को लिफ्ट देने के लिए गाड़ी रोकी थी और महिला ने स्कूल छोड़ने की बात कही थी। इस दौरान बच्चों और उनके परिजनों को गलतफहमी हो गई। दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बात कराई गई, जिसके बाद गलतफहमी दूर हो गई। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### हाईवे पर कार व कैंटर की टक्कर

# ड्यूटी से लौटते वक्त कोहरे ने छीन ली ईएचसी की ज़िंदगी

एक आपराधिक मामले में आरोपी की लोकेशन हिसार आने पर उसकी धरपकड़ के लिए बोलेरो लेकर आए थे फतेहाबाद सीआईए के ईएचसी शमशेर और चालक मुख्य सिपाही जसवीर



हिसार। हादसे में क्षतिग्रस्त बोलेरो।

**हिसार।** अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए रातभर ड्यूटी कर रही फतेहाबाद सीआईए टीम को मंगलवार अलसुबह बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। हिसार–सिरसा रोड पर गांव ढंढूर के पास घने कोहरे के बीच हुए सड़क हादसे में ईएचसी शमशेर की मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद चालक मुख्य सिपाही जसवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, फतेहाबाद सीआईए टीम सोमवार रात एक आपराधिक मामले में शामिल आरोपी की लोकेशन मिलने पर हिसार पहुंची थी। आरोपी के फरार हो जाने के बाद टीम मंगलवार तड़के करीब तीन बजे वापस लौट रही थी। इसी दौरान गांव ढंढूर के समीप तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बोलेरो गाड़ी को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से दोनों पुलिसकर्मियों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने ईएचसी शमशेर को मृत घोषित कर दिया। घायल जसवीर को प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। एक डिलीवरी ब्वॉय ने उसका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन घने कोहरे के कारण वह सफल नहीं हो सका। सदर थाना पुलिस ने घायल चालक के बयान पर अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक शमशेर हांसी की न्यू सुभाष कॉलोनी के रहने वाले थे और लंबे समय से पुलिस विभाग में सेवाएं दे रहे थे।

# हवाई अड्डे पर नाइट लैंडिंग जल्द, रनवे पर लगाई कैट-टू लाइटें

- डीसी ने दिए द्वितीय चरण के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश
- हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों को लेकर की अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा
- अहमदाबाद की हवाई सेवा भी शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग सहित चल रहे अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को द्वितीय चरण के लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की हिदायत दी। उपायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ सभी सुरक्षा उपायों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्हें यह भी अवगत करवाया गया कि हवाई अड्डे पर नाइट लैंडिंग की सुविधा भी जल्द ही शुरू हो जाएगी। इसकी कमीशनिंग के लिए डीजीसीए से पत्राचार किया गया है। कैट-टू लाइटें भी रनवे पर लगाई जा चुकी हैं। उपायुक्त ने इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित किए जाने की दिशा में अभी तक हुई कार्रवाई की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त हिसार से चल रही हवाई सेवाओं के ग्रीष्मकालीन शेड्युल पर भी चर्चा की गई। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी दिनों में अहमदाबाद की हवाई सेवा भी आरंभ कर दी जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



#### अगले वर्ष के मध्य तक बिल्डिंग के निर्माण का लक्ष्य

उपायुक्त ने टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण कार्यों को भी त्वरित गति से पूर्ण करने की हिदायत दी। उन्हें अवगत करवाया गया कि बिल्डिंग का निर्माण कार्य ड्राइंग के अनुरूप निरंतर किया जा रहा है। अगले वर्ष के मध्य तक बिल्डिंग के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। ड्रेन के निर्माण के संदर्भ में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि लोक निर्माण विभाग का काम लगभग पूरा हो गया है। इसके बाद अब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और सिंचाई विभाग द्वारा आगे का कार्य किया जाना है।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** जिले में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना रखा है। इसी कड़ी में सीआईए हांसी पुलिस ने ढाणी बुखारी निवासी सुभाष को अवैध पिस्तौल व मैगजीन के साथ पकड़ा है। एएसआई राजेंद्र ने बताया कि सीआईए पुलिस ने गश्त के दौरान मिली सूचना पर ढाणी बुखारी पुल के पास एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध हथियार पिस्तौल व मैगजीन बरामद हुई।

World Cancer Day 4 February
UNITED BY UNIQUE
AOI® AMERICAN ONCOLOGY INSTITUTE
PRECISION CANCER CARE
SARVESH HEALTH CITY
HEALING WITH COMPASSION




भारत में कैंसर विज्ञान से संबंधित 13+ सालों का ज़बरदस्त अनुभव, जो लाखों मरीजों के भरोसे और कहानियों से बना है।


Cancer Expert Opinion
Comprehensive Cancer Care: Medical, Surgical & Radiation

हम, अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टिट्यूट (एओआइ) भारत के बेहतरीन कैंसर देखभाल नेटवर्क में से एक हैं। हमारे नेटवर्क से जुड़े ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ एकजुट होकर मरीजों तक विशेषज्ञ कैंसर उपचार पहुँचाते हैं। हमारा **कैंसर विशेषज्ञ राय कार्यक्रम** अपनी तरह की पहली पहल है, जो कैंसर की पहचान के बाद मरीजों और उनके परिवारों को सही समझ और स्पष्टता देने के लिए बनाया गया है। AOI के व्यापक ऑन्कोलॉजी नेटवर्क के सहयोग से, यह आपके निदान और उपचार योजना की विशेषज्ञ समीक्षा करता है, ताकि आप भरोसे और संतुष्टि के साथ सही निर्णय ले सकें।

17 केंद्र | कैंसर उपचार में कई विशेषज्ञों की संयुक्त विशेषज्ञता | 150+ कैंसर विशेषज्ञ | अंतर्राष्ट्रीय ट्यूमर बोर्ड | एआई-युक्त, केन्द्रीकृत उपचार योजना | प्रमाणित उपचार दिशानिर्देश

कैंसर विशेषज्ञ राय कार्यक्रम पाना आसान है...
विशेषज्ञ की राय प्राप्त करने के लिए स्कैन करें (क्यूआर कोड)
सुरक्षित रूप से अपनी मेडिकल रिपोर्ट अपलोड करें (वैकल्पिक)
समीक्षा जांच के बाद 24 घंटों के भीतर अपॉइन्टमेंट निर्धारित

**अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (AOI)**
**सर्वेश हेल्थ सिटी** (एचकेएसडी सर्वोदय हेल्थकेयर की एक यूनिट),
साइट नंबर 1, सेक्टर 14, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हिसार, हरियाणा
1800 208 2000
70820 01061
www.americanoncology.com



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style



# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्रादा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।




# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।


# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी
# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

***लॉस एंजिल्स।*** *संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

## खबर संक्षेप



### किसानों ने फूंकी बजट की प्रतियां

**हिसार।** किसानों की मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पर अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का धरना मंगलवार को 100वें दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता किसान सभा के तहसील प्रधान रमेश मिरकां ने की तथा संचालन सचिव अभय राम फौजी ने किया। धरना के दौरान केंद्र के बजट को किसान विरोधी बताते हुए बजट की प्रतियां जलाई गई।

### भीड़ से निपटने को करवाई मॉक ड्रिल

**हांसी।** पुलिस महानिरीक्षक, हरियाणा सशस्त्र पुलिस, मधुबन ओमप्रकाश नरवाल ने मंगलवार को पुलिस लाइन हांसी का दौरा कर कानून एवं व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति से निपटने के लिए तैयार की गई पुलिस जवानों की कंपनियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन सहित सभी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक नरवाल द्वारा जवानों की वर्दी, हथियार एवं साजो-सामान की जांच की गई।

### सीवरेज व्यवस्था सुधार के लिए दो दिन बंद रहेगा रास्ता

**उकलाना।** जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिठमड़ा रोड पर छोटू राम चौक से भगवान वाल्मीकि स्वागत द्वार, श्रीकृष्ण गौशाला तक का रास्ता दो दिन के लिए बंद किया जाएगा। विभाग के अनुसार यह मार्ग 4 व 5 फरवरी को बंद रहेगा ताकि सीवरेज लाइन की मरम्मत व सफाई का कार्य सुचारु रूप से किया जा सके। वर्तमान में क्षेत्र में सीवरेज जाम की समस्या के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके समाधान के लिए यह कदम उठाया गया है।

### साइकिल रेस बास अकबरपुर की शीनू ने चलाई सबसे तेज साइकिल

# 100 मीटर की रेस में पूजा और 300 मीटर में रीना रही विजेता

महिला एवं बाल विकास विभाग की हांसी खंड द्वितीय एक दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, संतोष गिल मुख्य अतिथि रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हांसी खंड द्वितीय की महिलाओं के लिए मंगलवार को हुड्डा सेक्टर-5 स्थित खेल मैदान में एक दिवसीय खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल आयोजन की खास बात यह रही की महिला खेल कूद प्रतियोगिता में एक महिला संतोष गिल ही मुख्य अतिथि रही।

**ये रही खेल प्रतियोगिताओं की विजेता**

म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बड़छप्पर गांव निवासी धनपति देवी ने प्रथम, उगालन गांव निवासी अनिता द्वितीय तथा पुट्ठी गांव निवासी बबीता तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में उगालन गांव निवासी गायत्री प्रथम, सीसर गांव निवासी पूनम द्वितीय तथा इसी गांव की निक्की तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मदनहेड़ी गांव निवासी पूजा प्रथम, बास अकबरपुर गांव निवासी सोनू द्वितीय तथा भाटोल जाटान गांव निवासी सुमन तृतीय स्थान पर रहीं। 300 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सीसर गांव निवासी रीना प्रथम, धर्म खेड़ी गांव निवासी प्रीति द्वितीय तथा पुट्ठी गांव निवासी रचना तृतीय स्थान स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में खरबला गांव निवासी रवीना प्रथम, मदन हेड़ी गांव निवासी निधि द्वितीय तथा बड़छपर गांव निवासी रेखा तृतीय स्थान पर रहीं। 5 किलोमीटर साइकिल रेस प्रतियोगिता में बास अकबरपुर गांव निवासी शीनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, खांडा खेड़ी गांव निवासी आरती द्वितीय तथा मदन हेड़ी गांव निवासी पूजा तृतीय स्थान पर रहीं।



**हांसी।** विजेता महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित करती मुख्यातिथि संतोष गिल, सीडीपीओ सुदेश राणा व नीलम रानी *फोटो : हरिभूमि*

■ पूजा तृतीय स्थान पर रहीं

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सीडीपीओ सुदेश राणा, सीडीपीओ नीलम रानी, सुपरवाइजर कमल चहल, संवेदना, कुसुम, संतोष, राजकला तथा कई कर्मचारी मौजूद रहे।



**उकलाना।** पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास गोयल के आवास पर चर्चा करते ऊर्जा मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा में जल्द लगेंगे स्मार्ट बिजली मीटर : ऊर्जा मंत्री

■ उपभोक्ताओं को मिलेगा प्रीपेड-पोस्टपेड का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार/उकलाना

प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से सभी पुराने बिजली मीटर बदले जाएंगे और उनकी जगह आधुनिक स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जैसे मोबाइल सेवाओं में प्रीपेड और पोस्टपेड विकल्प उपलब्ध होते हैं, उसी तर्ज पर स्मार्ट मीटर व्यवस्था भी लागू की जाएगी, जिससे उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार प्रीपेड अथवा पोस्टपेड प्रणाली का चयन कर सकेंगे। इससे न केवल बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा मिलेगी। अनिल विज मंगलवार को हिसार व उकलाना में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे।


उन्होंने बताया कि भूमिगत बिजली तारें बिछाने की प्रक्रिया गुरुग्राम और फरीदाबाद में प्रारंभ कर दी गई है। परिस्थितियों के अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी अंडरग्राउंड केबल डाली जाएंगी, जिससे खंभे गिरने या ऊपर से तार टूटने जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी और बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनेगी।

**क्षमता बढ़ाने का कार्य शुरू**

विज ने बताया कि बिजली की मांग के अनुरूप सभी ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने (अपग्रेडेशन) का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही, बरसात के दौरान जलभराव से होने वाली अनावश्यक बिजली कटौती को रोकने के लिए निचले स्तर पर बने सब-स्टेशनों को ऊंचा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### हमें सभी ग्रंथों का सम्मान करना चाहिए : संत गौरदास

**हिसार।** गोविंद की गली परिवार, श्रीधाम वृंदावन धाम एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार के तत्वाधान में गौलोकवासी विनोद अग्रवाल की स्मृति में अग्रसेन भवन में भक्तमाल कथा व रासलीला का आयोजन किया गया है। भक्तमाल कथा के तीसरे दिन वृंदावन से आए राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास के चरित्र को आगे बढ़ाते हुए बताया कि तुलसीदास के मानस को नष्ट करने के लिए असफल प्रयास किए गए। उन्होंने कहा है वैष्णव वही है जिसकी आंखों में प्रभु का नाम एवं स्मरण करते हुए रोजाना 24 घंटों में कम से कम एक बार प्रेम अश्रु अवश्य निकलने चाहिए। हमें सभी ग्रंथों का सम्मान करना चाहिए। हमें किसी से भी ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। तुलसीदास सदैव प्रभु राम की भक्ति में लगे रहते थे। रामजी के सेवक हनुमान के प्रसंग का जिक्र करते हुए संत गौरदास महाराज ने कहा कि रोजाना एक बार हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिये। बल, बुद्धि के दाता हैं। हमेशा कल्याण ही कल्याण करते हैं।



गोलोकवासी विनोद अग्रवाल की स्मृति में भक्तमाल कथा व रासलीला का आयोजन

# विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा देश का आम बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा बजट टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा पेश आम बजट केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रस्तुत करता है। विशेष रूप से हरियाणा के लिए यह बजट विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। डॉ. कमल गुप्ता मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के राखीगढ़ी को आइकॉनिक साइट का दर्जा देकर उसे पर्यटन हब के रूप में विकसित करना हमारी प्राचीन सभ्यता को आधुनिक प्रगति से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। यह कदम 'विकसित भारत @2047' के विजन को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। डॉ. गुप्ता ने कैंसर सहित 17 गंभीर बीमारियों की दवाओं को टैक्स मुक्त किए जाने को गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत बताया। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जनसुविधाओं के लिए लगातार प्रयासरत है। जब भी सरकार के ध्यान में कुछ आता है कि इससे जनता की सुविधा बढ़ेगी।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ. आशा खेदड, अशोक मित्तल, जराजेंद्र सपड़ा, सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, महेन्द्र सिंह पानू, सुरेन्द्र सैनी व धर्मवीर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### भक्ति व त्याग की मिसाल थे परमसंत दादा कलीराम

**बरवाला।** गांव राजली में परमसंत दादा कलीराम की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एकता वेलफेयर समिति राजली द्वारा उनकी पावन स्मृति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि दादा कलीराम भक्ति, सेवा और त्याग की सजीव मिसाल थे। उन्होंने गृहस्थ जीवन में रहते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य किए और सादा जीवन, उच्च विचार का संदेश दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दादा कलीराम परमसंत थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में ही अपनी मृत्यु व गांव के भविष्य के बारे में पूर्वानुमान कर दिया था, जो आज भी लोगों को आश्चर्यचकित करता है। उनके विचारों और सिद्धांतों का अनुसरण कर समाज व देश को नई दिशा दी जा सकती है। उनके बताए मार्ग पर चलकर आपसी भाईचारा, सद्भाव और मानवता को मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के सुपुत्र संजीव गंगवा, राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन एवं जिला सैन सभा के प्रधान नरेश सेलपाड़, बीजेएमएससी प्रदेश महासचिव नरेंद्र दिनोदिया, भाजयुमो प्रदेश सचिव विपिन लोहिया आदि मौजूद रहे।

# एआई भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता : डॉ. गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के तत्वधान में मंगलवार को एआई: सीखने का एक उभरता हुआ माध्यम पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की मुख्य थीम अपने माइंडसेट को विकसित करें रही, जिसका उद्देश्य छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बारीकियों और शिक्षा में इसके सकारात्मक उपयोग से रूबरू कराना था विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. पुनीत गोयल और प्रति-कुलाधिपति डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में कहा कि एआई भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ नवीनतम तकनीक को अपनाना चाहिए ताकि वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।



**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह, वर्कशॉप के संयोजक डॉ सीमा घनघस, डीन डॉ कुलदीप सिंह, डॉ युवराज एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित हुए।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र सिंह छिल्लर ने तकनीकी सत्र में विस्तार से बताया कि कैसे एआई व्यक्तिगत और इंटरैक्टिव अनुभवों के माध्यम से जटिल विषयों को समझने में छात्रों की मदद कर रहा है। एआई केवल एक मशीन नहीं, बल्कि सीखने का एक स्मार्ट साथी है।

### जिला सैनिक बोर्ड में जागरूकता बैठक आयोजित



**हिसार।** जिला सैनिक बोर्ड, हिसार में मंगलवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर अशोक कुमार ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, उद्देश्य तथा इसके अंतर्गत प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी परामर्श एवं न्याय तक सरल पहुंच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में विंग कमांडर सुजाता, जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके परिवारजनों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं एवं लाभों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर जेडब्ल्यूओ राजेन्द्र गोदारा, सुरेन्द्र सिहाग, सुशील त्यागी, राजकुमार, संतलाल, संदीप, कर्ण ढाका, सोमबीर, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

# जिंदल स्टेनलेस ने ब्रांड ऑफ द ईयर सीएसआर पुरस्कार जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस को संबाद कॉरपोरेट एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026 में प्लैटिनम श्रेणी के तहत ब्रांड ऑफ द ईयर सीएसआर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कंपनी के उत्कृष्ट कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहलों के लिए प्रदान किया गया है।



जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपनी कार्यप्रणाली में ईएसजी सिद्धांतों का खास ध्यान रखने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। जाजपुर में सामाजिक पहलू सतत और समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। हम अपने कार्यस्थलों के आसपास और उनसे दूर भी स्थानीय निवासियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस पुरस्कार से हमारा यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि व्यवसायों को आर्थिक प्रगति के साथ-साथ दीर्घकालिक सामाजिक मूल्यों के सृजन में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस पुरस्कार के बारे में जिंदल स्टेनलेस के जाजपुर यूनिट के प्रमुख दीपक अग्रवाल ने कहा कि यह पुरस्कार जमीनी स्तर पर किए गए प्रयासों से हासिल हुए परिणामों का प्रमाण है।

### जैन स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

**हिसार।** जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक समारोह लुवास के वेटरनरी ऑडिटोरियम में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देश की जानी मानी उद्योगपति व विधायक सावित्री जिंदल व कार्यक्रम के अध्यक्ष मेयर प्रवीण पोपली तथा अति विशिष्ट अतिथि प्रतिभा गुप्ता, संदीप गुप्ता, नवीन जैन व संदीप जैन एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, जगदीश जिंदल, प्रवीण जैन रहे। स्कूल की प्रबंधन कमेटी के सदस्यों एवं स्कूल की प्रधानाचार्या एवं सभी अध्यापिकाओं द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या हेमा चावला द्वारा वार्षिक समारोह रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




# 20 को पंचकूला में राज्य स्तरीय प्रदर्शन : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हिसार स्थित ताऊ देवी लाल सदन में आयोजित की गई। जिसमे मुख्यतिथि के रूप में इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला पहुंचे वहीं अध्यक्षता जिला प्रधान सतपाल काजला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। जननायक चौधरी देवीलाल द्वारा बुजुर्गों के स्वाभिमान और सम्मान के लिए शुरू की गई बुढ़ापा पेंशन योजना को वर्तमान सरकार ने आय सीमा और जटिल नियमों के नाम पर कमजोर कर दिया है। चौटाला ने सरकार से मांग की कि नवंबर 2026 से सभी पात्र बुजुर्गों को 3200 रुपये प्रतिमाह बुढ़ापा पेंशन प्रदान की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों को अनदेखा किया तो 20 को पंचकूला में राज्य-स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।



**बैठक में ये रहे मौजूद:** बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राम पाल माजरा, पूर्व मंत्री सम्पत सिंह, पूर्व मंत्री शेर सिंह बड़सामी, डबवाली विधायक आदित्य सिंह चौटाला, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनैना चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव उम्मेद सिंह लोहान, प्रकाश भारती, जसबीर सिंह ढिल्लों, सतबीर सिंह सिसाय, पार्टी के सभी जिला प्रधान, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक, हिसार जिले के सभी हलका प्रधान, जिला कार्यकारिणी के सदस्य व जिला प्रवक्ता विनोद कसवां एडवोकेटउपस्थित रहे।

### अमेरिका का टैरिफ कट, मोदी कूटनीति की जीत : धर्मवीर रतेरिया

**हांसी।** भाजपा के जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारत से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ कम किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे भारत की सशक्त कूटनीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारत–अमेरिका के बीच मजबूत होते आर्थिक और रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी विश्वसनीयता को सुदृढ़ किया है, जिसका सकारात्मक परिणाम आज अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि टैरिफ में कमी से भारतीय किसानों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, निर्यातकों और उद्योग जगत को सीधा लाभ मिलेगा।



### टीटीसी में क्रोन कंपनी के तकनीशियनों एवं डीलरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



**हिसार।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित टीटीसी के निदेशक डॉ. मुकेश जैन व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उत्तरी क्षेत्र कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में जर्मनी की क्रोन कंपपी के तकनीशियनों एवं डीलरों के लिए एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों, विशेषकर बेलर, हेरैक, टैडर इत्यादि मशीनों पर केंद्रित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जर्मनी से क्रोन कंपनी की तकनीकी टीम के विशेषज्ञों ने सहभागिता की है। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए क्रोन कंपनी के सेवा एवं उत्पाद विशेषज्ञ मार्टिन फॉप्पे तथा राउंड बेलर क्रोन तकनीकी प्रशिक्षण विवियन हैकमैन जर्मनी से संस्थान पहुंचे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने क्रोन कंपनी, जर्मनी के प्रतिनिधियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य, महत्व एवं संस्थान द्वारा कृषि यंत्रीकरण तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. जैन ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीशियनों एवं डीलरों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे पराली प्रबंधन जैसी चुनौतियों का समाधान संभव हो सकेगा।

**निर्देश** जिला स्तरीय मासिक पीएनडीटी तथा एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

# जिले में नशे की डिमांड व सप्लाई पर लगाई जाए रोक

**नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों व हॉटस्पॉट की मैपिंग कर प्रत्येक केस की हो समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में मंगलवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने की अध्यक्षता में पीएनडीटी तथा एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने ड्रग कंट्रोल अधिकारी को मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इन पर बिना चिकित्सा पर्ची के ऐसी दवाइयों न बिके, जिनका प्रयोग नशे के लिए किया जा सकता है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सभी मेडिकल, सीसीटीवी कैमरे लगे हों ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें जांचा जा सके। इस कार्य में किसी भी प्रकार कर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों, डी-एडिक्शन सेंटर्स की स्थिति, मेडिकल स्टोर के निरीक्षण तथा विद्यालयों व खेल अकादमियों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनडीपीएस अधिनियम के मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए व जिले में नशे की डिमांड व सप्लाई पर रोक लगाई जाए। जिले में नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों व हॉटस्पॉट की मैपिंग कर प्रत्येक केस की समीक्षा की जाए।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

**डीसी ने सफल रेड पर शाबाशी दी**

जिला स्तरीय मासिक पीएनडीटी समीक्षा बैठक के दौरान जिले में लिंगानुपात की स्थिति, पीएनडीटी और एमटीपी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई, निरीक्षणों की समीक्षा तथा जनजागरूकता अभियानों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

# आनंद स्कूल की छात्रा ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 27 से 29 जनवरी तक महाराष्ट्र के बारामती में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप की अंडर-19 आयु वर्ग में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर की छात्रा चित्रा यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। पदक विजेता छात्रा का मंगलवार को स्कूल पहुंचने पर स्कूल चेयरमैन आनंद यादव, स्कूल प्राचार्य नीतिश मिश्र व स्कूल स्टाफ सदस्यों द्वारा विशेष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि हमारी छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि चित्रा यादव आने वाले समय में इंटरनेशनल खेलों में भारत का नेतृत्व करते हुए अपने अभिभावकों, स्कूल, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। विद्यालय के डायरेक्टर साहिल यादव, प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने भी चित्रा यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा डेरा भाई जीवन सिंह का समागम 6 से

**हिसार।** गुरुद्वारा डेरा भाई जीवन सिंह, मोहल्ला डोगरान में सत भाई गोला सत भाई लच्छीराम के 78वें सालाना समागम के उपलक्ष्य में 6 से 8 फरवरी तक महान कीर्तन समागम होगा। गुरुद्वारा के गद्दीनशीन भाई चरणजीत सिंह ने बताया कि 7 फरवरी को रात्रि 8 से 11:30 बजे तक व 8 फरवरी को प्रातः 10 से 1:30 बजे तक कीर्तन होगा। दोनों दिन भाई हरविन्द्र सिंह दिल्ली वाले व बाबा सरबजीत सिंह खालसा दिल्ली वाले फौज अकाल के जत्थे कीर्तन करेंगे।

### राज्य रग्बी स्पर्धा के लिए चयन कल घिराय में

**हिसार।** लड़के और लड़कियों की जिला हांसी सीनियर रग्बी टीम का सिलेक्शन 5 फरवरी को गांव घिराय में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजन सचिव अमरजीत घिराय ने बताया कि चयन प्रक्रिया 5 फरवरी को सांय 3 बजे घिराय स्थित निर्मल स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ी 7 फरवरी को कैथल में होने वाली राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप में हांसी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज लगेगा

**हिसार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा टीबी अस्पताल के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा हिसार के सचिव रविन्द्र लोहान ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर 4 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमरी रोड हिसार में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर में आमजन की टीबी, हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की जाएगी।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर लगा प्रशिक्षण शिविर

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशानुसार जीजेयू के ऑडिटोरियम में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगा। हिसार मंडल के आयुक्त राये प्रकाश गुप्ता प्रशिक्षण ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाचन तहसीलदार जगदीप मान ने बताया कि शिविर में हिसार मंडल के सभी निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों ने भाग लिया।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर संपर्क अभियान

**हिसार।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ की हिसार ब्लॉक टीम ने संपर्क अभियान तेज कर दिया है। टीम ने मंगलवार को नगर निगम और विभिन्न स्कूलों में कर्मचारियों व अध्यापकों से संपर्क साधा। टीम में सकसं के ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी, ब्लॉक जयकुमार सिवाच, वित्त सचिव रमेश शर्मा, नपा जिला प्रधान सन्नी, नगर पालिका शाखा प्रधान सुरेंद्र उर्फ घोलू आदि शामिल थे।

### बजट में नहीं रखा किसी वर्ग का ध्यानः वजीर सिंह

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में किसी वर्ग का कोई ध्यान नहीं रखा गया। कांग्रेस नेता ने बजट को युवा, किसान, व्यापारी, मजदूर व आमजन का विरोधी बताया। वजीर पूनिया ने कहा कि बजट में युवा, व्यापारी, किसान, मजदूर व आमजन को बड़ी उम्मीदें थी लेकिन निराशा ही हाथ लगी। बजट में महंगाई से त्रस्त गृहिणियों को भी उम्मीदें थी कि रसोई की चीजें सस्ती होंगी लेकिन उन्हें भी मायूसी ही हाथ लगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 8291554800

### टेंपरेरी शेड को लेकर एसडीएम व अधिवक्ताओं के बीच चल रहा था विवाद

# सभी वकीलों को मिलेगी बैठने की जगह डीसी के आश्वासन के बाद धरना खत्म

*हिसार-हांसी में रहा वर्क सस्पेंड, मांगें पूरी करने के आश्वासन के बाद सर्वसम्मति से लिया फैसला*



नारनौंद। उपमंडल परिसर में वकील धरना खत्म करने के उपरांत चर्चा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद कोर्ट परिसर में टेंपरेरी शेड बनाने को लेकर एसडीएम और वकीलों का विवाद जिला उपायुक्त राहुल नरवाल से बातचीत के बाद खत्म हो गया। डीसी से बातचीत में सभी वकीलों को बैठने की जगह मिलने का आश्वासन मिला है। वकीलों ने धरना स्थल पर पहुंचकर बातचीत कर सबकी सहमति के नारनौंद बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ने धरने को समाप्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर हिसार बार एसोसिएशन से विकास पूनिया, हांसी बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया भी मौजूद थे। उधर, मंगलवार को हिसार और हांसी जिले में वर्क सस्पेंड रहा।

#### यह था मामला

नारनौंद कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में वकीलों ने प्रशासन द्वारा बनाए गए शेड से खफा होकर दूसरी जगह पर बैठने के लिए टेंपरेरी शैड बना दिए थे। एसडीएम ने उनके शेडों के बाहर नोटिस चिपका दिए थे कि इनको यहां से हटाया जाए। इसी को लेकर वकीलों में रोष पैदा हो गया और रविवार को धरना शुरू कर दिया था। मंगलवार को भी हिसार ओर हांसी जिले में वकीलों का वर्क सस्पेंड रहा।

#### डीसी ने ये दिया आश्वासन

मंगलवार को नारनौंद बार एसोसिएशन सहित हांसी और हिसार बार एसोसिएशन के सदस्य हांसी में जिला उपायुक्त राहुल नरवाल से बातचीत करने के लिए बुलाए गए। काफी देर तक बातचीत चली। वकीलों ने मांग रखी कि उनको बैठने के लिए टेंपरेरी सीट दी जाए। एसडीएम द्वारा सभी वकीलों को दिए हुए नोटिस वापस लिए जाए। जो शिकायत पुलिस में दी गई उसको भी वापस लिया जाए। सभी बातों पर सहमति बन गई। उसके बाद सभी वकील नारनौंद में धरने स्थल पर पहुंचे और वहां पर बैठे वकीलों को मीटिंग में हुए फैसलों के बारे में अवगत कराया तो कुछ वकीलों ने एक बातों को विरोध दर्ज कराया। लेकिन कुछ ही देर बाद बातचीत से सभी सर्वसम्मति से निर्णय लेकर घरना खत्म करने की घोषणा कर दी। इस अवसर पर नारनौंद बार एसोसिएशन से सचिव सुनील पनिहार, सुशील शर्मा, बिजेंद्र दलाल, जितेंद्र खरब, दीपक लोहान, संजू पनिहार, संजय गौतम, अनूप, अर्जुन ढांडा, आकाश, जयबीर सैनी अभिजीत, राजकुमार आदि मौजूद थे।

#### इन बातों पर बनी सहमति

सभी वकीलों को बैठने के लिए टेंपरेरी सीट अलार्ट की जाएंगी। इसके लिए प्रशासन के अधिकारी और वकीलों की कमेटी गठित कर जगह को चिन्हित किया जाएगा। कर्मचारी द्वारा दी गई शिकायत भी वापस लेने पर सहमति बनी। एसडीएम द्वारा जारी किए गए नोटिस को तथ्यों के आधार पर दफ्तर दाखिल किए जाएंगे।

#### डीसी ने हमारी मांगों को ध्यान से सुना : रापड़िया

हांसी बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने बताया कि मंगलवार को जिला उपायुक्त से बड़ी शांति पूर्वक तरीके से बातचीत हुई है। हमारी मांगों ध्यान से सुनकर उन पर अमल करते हुए हमारे सभी मांगे पूरी कर दी गई। जल्द ही प्रशासन और वकीलों की कमेटी जगह चिन्हित करके सभी वकीलों को बैठने के लिए सीट अलार्ट कर दी जाएगी।

#### हमारी मांगें पूरी : प्रधान

नारनौंद बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ने बताया कि जिला उपायुक्त ने हमारी मांगों पर सहमति जताई है। हमारी मांगे पूरी हो गई। धरने को समाप्त कर दिया गया। सभी वकीलों को बैठने के सीट अलार्ट की जाएंगी।

# राखीगढ़ी में पंचायती प्लाटों को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

### हड़प्पा ज्ञान केंद्र के आसपास जलभराव से रोष



नारनौंद। गांव राखी शाहपुर के उपमंडल परिसर में प्रदर्शन करते लोग।

- गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- कहा- बाहर से हड़प्पा ज्ञान केंद्र को देखने के लिए आने वाले लोगों के सामने खराब होती है गांव की छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में पंचायत की ओर से दिए गए 100-100 गज के प्लाटों को लेकर दो पक्षों के बीच पिछले कई दिनों से तनाव बना हुआ है। विवाद गांव के गंदे पानी की निकासी को लेकर है। प्लाटों में मिट्टी भरने के बाद गंदा पानी अंबेडकर भवन व हड़प्पा ज्ञान केंद्र के आसपास जमा होने लगा, जिससे नाराज ग्रामीणों ने उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है। गांव राखी शाहपुर के ग्रामीण अजमेर, अनिल, सिकंदर, बिजेंदर, दीपक, कुलदीप, बलकार, रणबीर, राजेश, सुशीला, सतीश, संदीप आदि ने बताया कि पिछली काफी साल पहले पंचायत की तरफ से उनको 100-100 गज के प्लाट दिए गए थे। वहां पर गहराई होने के कारण गांव के गंदे पानी की निकासी वही पर हो रही थी। वे उस जगह पर मिट्टी डालकर प्लाटों पर कब्जा ले रहे थे तो कुछ ग्रामीणों ने बीच में ही काम रुकवा दिया और प्लाटों में जाने वाला गांव का गंदा पानी अंबेडकर भवन और हड़प्पा ज्ञान केंद्र के पास जमा होने लगा। ग्रामीणों ने सरकार से मांग है कि वहां से गंदे पानी की निकासी रोककर गांव के गंदे तालाब में की जाए, क्योंकि बाहर से हड़प्पा ज्ञान केंद्र को देखने के लिए लोग आते हैं तो गांव की छवि खराब होती है। इसके अलावा उनके प्लाटों में दोबारा से मिट्टी डालने को लेकर उन्हें पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई जाए। उन्होंने ज्ञापन देने के बाद चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# निगमायुक्त ने विकास और स्वच्छता के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

- विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। ढंढूर प्रोसेसिंग साइट का निरीक्षण करते निगमायुक्त नीरज।

शहर में चल रहे विकास व स्वच्छता से संबंधित कार्यो का निगमायुक्त नीरज ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त ने ढंढूर प्रोसेसिंग साइट, वार्ड नंबर 14 में निर्माणाधीन आधुनिक लाइब्रेरी, सातरोड क्षेत्र के तालाबों के नवीनीकरण व साउथ बाइपास पर स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने अधिकारियों व सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करें और गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण की शुरुआत साउथ बाइपास से की गई, जहां नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर पहुंचकर निगमायुक्त ने कार्य की गति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात निगमायुक्त ने ढंढूर प्रोसेसिंग साइट का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कचरा प्रबंधन और प्रोसेसिंग से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित एजेंसी को प्रोसेसिंग साइट को शीघ्र खाली करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद निगमायुक्त ने वार्ड नंबर 14 में निर्माणाधीन आधुनिक लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को संतोषजनक बताया, लेकिन साथ ही अधिकारियों को कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

### गुराना में रिलेशनशिप में रहने वाली महिला का अपहरण, मामला दर्ज

**नारनौंद।** गांव गुराना में सोमवार को एक युवक से साथ रिलेशनशिप में रहने वाली महिला का उसके पहले पति ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट कर अपहरण कर लिया। आरोप है कि युवक को धमकी दी है कि अगर दोबारा मिलने की कोशिश की तो जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने पीड़ित युवक के बयान पर पांच नामजद सहित छह अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई जांच शुरू कर दी है। गांव गुराना निवासी मोनू ने बताया कि वह गांव में वेल्डिंग का खुला काम करता है। उसके साथ एक युवती शशि 16 जनवरी से रिलेशनशिप में रह रही थी। 19 जनवरी को हिसार के सैफ हाउस में थे। शशि के पति जिला भिवानी के गांव ढिगावा निवासी नृपेंद्र ने पुलिस शशि की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करवाई हुई थी। इस मामले में पुलिस ने शशि के बयान भी दर्ज कर लिए थे। उसने कहा कि वह मोनू के साथ ही रहेगी और नृपेंद्र के साथ जाने से मना कर दिया था। उसके बाद 30 जनवरी को हम दोनों गांव गुराना में घर पर आ गए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार दो फरवरी की सुबह करीब साढ़े तीन बजे हमारे घर की दीवार से कूदकर ढिगावा निवासी नृपेंद्र, नितेश, प्रदीप, गुराना गांव के सोनू ओर प्रदीप व छह अन्य युवक हाथों में डंडे, हॉकी, लोहे की रॉड लेकर घर में घुस गए हमारे साथ मारपीट की जिसमें मेरे पिता महेंद्र और माता कमलेश गंभीर रूप से घायल कर शशि को घसीटते हुए जबरदस्ती से गाड़ी में अपहरण करके ले गए। पुलिस ने मोनू के बयान पर नृपेंद्र, नितेश प्रदीप, सोनू, प्रदीप व छह अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में खेड़ी चोपटा चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही सभी आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं।

# गिरदावरी वेरिफिकेशन, इंतकाल और फर्द से जुड़े कार्य रहे प्रभावित

- पटवारी तीसरे दिन भी रहे हड़ताल पर, जिला मुख्यालय पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जिला मुख्यालय पर धरने को संबोधित करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

दी रेवेन्यू पटवार एवं एसोसिएशन ने राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर मंगलवार को तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे और जिला मुख्यालय पर सांकेतिक धरना दिया। पटवारी व कानूनगो के धरना से किसानों के इंतकाल, जमाबंदी, फर्द, गिरदावरी वेरिफिकेशन, जाति प्रमाण पत्र, लोन से संबंधित कार्य, रजिस्ट्री के कार्य, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निशानदेही का कार्य, लोन का कार्य, ततिमा कटिंग का कार्य आदि रुके हुए हैं। पटवार भवन में ताले लटके रहते हैं और लोग अपने काम के सिलसिले में भटकने को मजबूर है। प्रभावित लोगों को पटवारियों के काम पर लौटाने का इंतजार है।

उधर, मंगलवार को धरना की अध्यक्षता सुनीता पटवारी उकलाना ने की और स्टेज का संचालन निशा पटवारी तहसील आदमपुर ने किया। जिला सचिव बलबीर सिंह झाझड़िया ने बताया कि प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2025 में 6 पटवारियों को सस्पेंड किया उसके विरोध में धरना देते हुए उन पटवारियों जल्द से जल्द बहाल करने की मांग की एवं नव नियुक्त पटवारियों के ट्रेनिंग पीरियड को सर्विस पीरियड में समायोजित करें एवं इनकी परीक्षा का परिणाम जल्द ही घोषित करके ज्वाइन करवाएं। उन्होंने बताया कि पटवारियों द्वारा ज्यादातर कार्य ऑनलाइन किया जाता है लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी टैब या मोबाइल नहीं दिया गया है।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर 20 चालान काटे

**हिसार।** नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 20 चालान काटे। सीटीएल प्रदीप जाखड़ एवं जसबीर कुंडू ने सेक्टर 14 मार्केट में खुले में कचरा डालने पर 8 दुकानदारों के चालान किए। वहीं एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार तथा एएसआई रोहित ने अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान कार्रवाई की। उन्होंने सैनियान मोहल्ले में एक दुकानदार, सेक्टर 3-5 रोड पर एक व्यक्ति तथा पुरानी सब्जी मंडी में खुले में फ्लैक्स डालने पर चालान काटे। इसी प्रकार एएसआई प्रवीण ने पीएलए क्षेत्र में खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों के चालान किए।

### प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार को भूमि पूजन

**हांसी।** दिल्ली गेट स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व मंत्री कमल गुप्ता, हांसी विधायक विनोद भयाना और नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु नींव रखी। इस पुनीत कार्य को मंदिर मुख्य समिति के अध्यक्ष भारत गुप्ता, जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता और अन्य सदस्यों की देखरेख में संपन्न किया गया।इस शुभ अवसर पर हांसी की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य व्यक्तियों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### लुवास के डॉ. जतिन को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पैरा वेटरनरी साइंसेज संस्थान में कार्यरत वेटरनरी सर्जन डॉ. जतिन खुरमा को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित ओपन, डिस्टेंस, डिजिटल एवं ब्लेंडेड लर्निंग में उभरते रुझानों एवं चुनौतियों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग अंतर्गत डिस्टेंस एवं सतत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. जतिन खुरमा को यह सम्मान उनके शोध पोस्टर "वेटरनरी एजुकेशन में प्रैक्टिकल और थ्योरिटिकल लर्निंग पर स्मार्ट क्लासरूम इंटीग्रेशन का असर" के लिए प्रदान किया गया। यह शोध सम्मेलन के मुख्य थीम एरिया "ब्लेंडेड लर्निंग मॉडल्सः बेस्ट प्रैक्टिसेज एंड केस स्टडीज" के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया था। इस उपलब्धि के उपरांत डॉ. जतिन खुरमा ने लुवास के कुलपति सचिवालय में कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा से औपचारिक मुलाकात की।

### गुजवि के 12 विद्यार्थी 11 लाख तक के वार्षिक पैकेज पर चयनित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से 27-28 जनवरी 2026 को इंफोसिस के हाई-वैल्यू कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव में 7 लाख रुपये से 21 लाख रुपये तक के पैकेज वाले स्पेशलिस्ट टेक्निकल रोल्स के लिए आयोजित की गई। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल प्रोग्रामिंग-आधारित असेसमेंट में 174 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 34 विद्यार्थियों को तकनीकी साक्षात्कार के लिए सूचिबद्ध किया गया। अत्याधिक तकनीकी कोडिंग-ओरिएंटेड साक्षात्कार के उपरांत 12 विद्यार्थियों को टॉप-टियर रोल्स के लिए चयनित किया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी गुजवि के विद्यार्थियों को हाई-वैल्यू अवसर प्रदान करने के लिए इंफोसिस की सराहना की। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि बीटेक सीएसई-एआईएमएल की रुचि और बीटेक सीएसई के देबजीत डे को स्पेशलिस्ट प्रोग्रामर (एसपी) (लेवल-1) के रूप में 11 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि दस विद्यार्थियों को डिजिटल स्पेशलिस्ट इंजीनियर (डीएसई) पद के तहत 7 लाख रुपये के पैकेज के साथ ऑफर मिले हैं।



हिसार। गुजवि में दाखिला पोर्टल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के दूरस्थ व ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के शीतकालीन सत्र के लिए प्रवेश शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) के शीतकालीन सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पोर्टल का औपचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षक गण एवं सीडीओई के अधिकारी उपस्थित रहे। पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) एवं ऑनलाइन मोड में संचालित विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हरियाणा के विभिन्न जिला मुख्यालयों में अध्ययन केंद्र पहले ही शुरू किए जा चुके हैं, जिससे प्रवेश, अकादमिक सहायता और परीक्षा संबंधी सुविधाएं नजदीकी क्षेत्रों में उपलब्ध होंगी। पोर्टल उद्घाटन के अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा को अधिक समावेशी, किफायती और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कई एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रमों की पात्रता में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी भी अनेक डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे, जिससे स्कूल के बाद सीधे कौशल-आधारित शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे।

### राजकीय कॉलेज के 7 कैडेट बने अग्निवीर

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों का भारतीय सेना की अग्निवीर सामान्य ड्यूटी योजना के अंतर्गत चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में एनसीसी आर्मी विंग से हैप्पी जांगड़ा, राजनदीप, विक्रम, साहिल एवं अमित तथा एनसीसी एयर विंग से कुनाल और धनवीर शामिल हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और एनसीसी प्रशिक्षण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थी न केवल महाविद्यालय बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। एनसीसी आर्मी विंग के अधिकारी डॉ. एनएस तोमर एवं एनसीसी एयर विंग के अधिकारी डॉ. गोविल जिंदल ने चयनित कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।

### कुल 21 पदक जीतकर किया हरियाणा का नाम रोशन

# हिसार के बुजुर्गों ने लगाई पदकों की झड़ी

*90 वर्ष की आयु में भी झंडे गाड़ रहे हमारे खिलाड़ी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अजमेर में मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में बुजुर्ग खिलाड़ी पदकों के साथ।

राजस्थान के अजमेर शहर में 7वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप का गत दिवस सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता 30 जनवरी से 2 फरवरी तक अजमेर के पटेल स्टेडियम में आयोजित की गई थी।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिसार के 10 बुजुर्ग खिलाड़ियों ने कुल 21 पदक जीत कर हरियाणा प्रदेश को गौरवान्वित किया।

जिला हिसार हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स के सचिव जयकुमार शर्मा ने बताया कि 90 प्लस आयु वर्ग में होरीलाल ने 400 और 800 मीटर दौड़ में दो गोल्ड मेडल, उदे सिंह जाखड़ ने 80 प्लस आयु वर्ग में 5000, 1500 और 800 मीटर दौड़ में तीन गोल्ड मेडल, तेजपाल सिंह ने 80 प्लस आयु वर्ग में डिस्कस में गोल्ड और हैमर थ्रो में सिल्वर मेडल, बिमला देवी ने 75 प्लस आयु में डिस्कस, जैवलिन और शॉट-पुट में तीन ब्रोंज मेडल, बिमला देवी 70 प्लस ने 800 और 100 मीटर दौड़ में दो ब्रॉन्ज मेडल, 65 प्लस आयु में अश्वनी मेहता ने डिस्कस और हैमर थ्रो में दो गोल्ड मेडल, 60 प्लस आयु वर्ग में जय कुमार शर्मा ने 300 मीटर हर्डल में सिल्वर और 100 मीटर हर्डल रेस में ब्रॉन्ज मेडल, 60 प्लस आयु वर्ग में सरुप सिंह ने ट्रिपल जंप में गोल्ड और लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल तथा 55 प्लस आयु में सत्यवान ने 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर हिसार ही नहीं समस्त हरियाणा का नाम रोशन किया है।




नारनौंद। एनएसएस शिवर का शुभारंभ करते प्रिंसिपल पंकज गोयत व अन्य।

### योग करने से शरीर रहेगा फिट : पंकज गोयत

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय नारनौंद की एनएसएस इकाई द्वारा मंगलवार को गांव राखी शाहपुर में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पंकज गोयत ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। एनएसएस प्रभारी कुमारी सुमन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और स्वयं सेवकों को मूल मंत्र स्वयं से पहले आप को चरितार्थ करने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ भारत के स्वस्थ युवा रखा गया है। इसी उद्देश्य को देखते हुए कार्यक्रम के पहले दिन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ पंकज गोयत ने स्वस्थ जीवन के लिए योग का महत्व विषय पर उनको जागरुक करते हुए कहा कि योग करने से हम स्वस्थ रहेंगे काफी बीमारियां हमसे दूर रहेगी। हर व्यक्ति को जोग जरूर करना चाहिए। योग करने से हमारा शरीर भी फिट रहता है। कार्यक्रम के दौरान सुखदेव, हरदीप, सन्नी आदि मौजूद रहे।